मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

क्रमांक / मोलासुविवि / परीक्षा / 2024 / 8063 — दिनांक: 14.11.2024

विश्वविद्यालय अधिसूचना संख्या– 02 के क्रम में परीक्षा 2025 के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन का विस्तृत विवरण

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालयों के निम्नलिखित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् (नियमित / पूर्व–छात्र (Ex) एवं स्वयंपाठी) परीक्षार्थियों से परीक्षा–2025 के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। आवेदन दिनांक 16.11.2024 से 25.11.2024 तक किये जा सकेंगे। साथ ही अभ्यर्थी आवेदन की हार्ड कॉपी दिनांक 29.11.2024 तक संबंधित महाविद्यालयों में जमा कराया जाना सुनिश्चित करावें।

1. स्नातक प्रथम सेमेस्टर, सभी संकाय **NON-NEP** (नियमित / पूर्व)
2. स्नातक एलएल.बी. प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष (नियमित / पूर्व)
3. स्नातक बी.ए. ऑनर्स तृतीय वर्ष (नियमित / पूर्व)
4. स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, सभी संकाय **NON-NEP** (नियमित / पूर्व)
5. स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, सभी संकाय **NEP-2020** (नियमित / पूर्व एवं स्वयंपाठी)
6. **(वार्षिक पद्धति) के अन्तर्गत स्नातक द्वितीय वर्ष बी.ए. / बी.कॉम. (नियमित / पूर्व / स्वयंपाठी) एवं बी.एसी. द्वितीय वर्ष (नियमित / पूर्व)**
7. **स्नातकोत्तर एम.ए. / एम.कॉम. उतरार्द्ध (नियमित / पूर्व / स्वयंपाठी)**

<u>नोट</u> :–

1. अभ्यर्थियों को परीक्षा आवेदन करने से पूर्व ABC पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है। पंजीकरण की विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करें।
2. **वार्षिक पद्धति के तहत् परीक्षा 2024 में जो छात्र बी.ए. / बी.कॉम. / बी.एसी. प्रथम वर्ष, EX-पूर्व, एम.ए. / एम.कॉम. पूर्वार्द्ध EX-पूर्व श्रेणी के रूप में उत्तीर्ण रहे हैं, ऐसे छात्रों को यदि महाविद्यालय द्वारा स्नातक द्वितीय वर्ष / स्नाकोत्तर उतरार्द्ध में वार्षिक पद्धति के अन्तर्गत नियमित प्रवेश दिया है उन छात्रों की सूची कॉलेज पॉटल पर उपलब्ध सूची में से प्रवेश दिये गये छात्रों को चिन्हित करते हुए Approve कराना सुनिश्चित करें। साथ Remark में Approve कराने वाले कार्मिक का नाम व मोबाईल नं. दर्ज करें।**
3. परीक्षा फार्म आवेदन पत्र की हार्ड कापी संबंधित महाविद्यालयों में दिनांक 29.11.2024 तक अनिवार्य रूप से जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।
4. परीक्षा शुल्क डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / नेट बैकिंग के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा।
5. संबंधित परीक्षार्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से सावधानी पूर्वक भरें, (NAME, FATHERS NAME, MOTHERS NAME & DATE OF BIRTH BE MENTIONED STRICTLY AS PER THE MARK SHEET OF 10^{th}) आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रूप से दर्ज करें तथा आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति मय आवश्यक दस्तावेजों के ***<u>अंतिम तिथि की प्रतिक्षा किये बिना शीघ्रातिशीघ्र अपने से संबंधित महाविद्यालय में जमा करावें।</u>***
6. परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा आवेदन पत्रों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा, अतः संबंधित परीक्षार्थी उपर्युक्त निर्धारित समय में अपने से संबंधित महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र जमा करायें। ***<u>महाविद्यालय द्वारा अग्रेषित परीक्षा फॉर्म ही स्वीकार होंगे।</u>***

<u>नोट</u> :–

परीक्षा से संबंधित आगामी समस्त सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी व समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी। अतः समस्त अभ्यर्थी विश्वविद्यालय वेबसाईट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

(डॉ. राजेश चन्द्र कुमावत)
परीक्षा नियंत्रक

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अधिष्ठाता / प्राचार्य / निदेशक, समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि :–

(अ) परीक्षार्थियों की सूची कॉलेज पेनल से प्राप्त कर परीक्षा फार्म मय संलग्नकों के वर्णानुक्रम (Alphabetical order) में कक्षावार / महाविद्यालयवार सूची तैयार करके अंतिम तिथी से 03 दिन के अन्दर, विश्वविद्यालय भिजवावें।

(ब) उपरोक्त वर्णित तिथियों को यदि महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र वर्णानुक्रम (Alphabetical order) में कक्षावार करके जमा नहीं करवा पाते हैं, तो महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के तहत पेनाल्टी जमा करानी होगी।

(स) आवेदन पत्रों के साथ Details of Registered Students की सूचि मय Fee Report एक प्रति में विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग में जमा करावें, इसके अभाव में अग्रेषण शुल्क का भुगतान संभव नहीं होगा।

(द) नोटिस बोर्ड पर विज्ञप्ति चस्पा करते हुए सूचित किया जाना सुनिश्चित करावें कि परीक्षा संबंधी अग्रिम समस्त जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट www.mlsu.ac.in का निरन्तर अवलोकन करें।

2. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
3. कुलसचिव / वित्त नियंत्रक / परीक्षा नियंत्रक / परिणाम प्रभारी / लेखाधिकारी, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
4. उप कुलसचिव, परीक्षा / गोपनीय अनुभाग / सामान्य, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
5. सहायक कुलसचिव, परीक्षा / गोपनीय अनुभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
6. इन्चार्ज, इन्टरनेट केन्द्र, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उपर्युक्त को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड़ करावें।
7. संकाय प्रभारी, परीक्षा शाखा, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
8. आई.टी.आई. इण्डिया लिमिटेड, न्यू दिल्ली।
9. Nodal Officer, SUMS/BECIL, New Delhi
10. रक्षित पत्रावली।

उप ~~कुलस~~चिव
14/11/2024